## बेलगावी में 10 से 12 जुलाई तक होगी संघ की अभा प्रांत प्रचारक बैठक




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अभा प्रांत प्रचारक बैठक 10 से 12 जुलाई तक कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित होगी। बैठक में संघ के 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक एवं सह क्षेत्र प्रचारक भाग लेंगे। इसके अलावा संघ से प्रेरित 32 विभिन्न संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री भी इसमें शामिल होंगे।

बैठक में मार्च में समालखा में हुई प्रतिनिधि सभा के बाद देशभर में अप्रैल, मई और जून के दौरान आयोजित प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही शाखा विस्तार, प्रशिक्षण वर्गों के अनुभव, शताब्दी वर्ष के तहत हुए कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा होगी। विजयादशमी 20 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले शताब्दी वर्ष के शेष कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी।

बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाहों तथा अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे। सरसंघचालक 6 जुलाई को बेलगावी पहुंचेंगे।

बैठक के दौरान जनगणना सहित विभिन्न समसामयिक विषयों, संगठन विस्तार और आगामी वर्ष 2026-27 के प्रवास कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।


### शिक्षक पदों की भारी कमी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव पर केंद्र व राज्य सरकार से 17 अगस्त तक जवाब तलब

# सरकारी स्कूलों की बदहाली पर हाईकोर्ट सख्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के बीच सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 17 अगस्त तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर एवं न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की पीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई की।

जनहित याचिका सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिषेक तुगनावत ने न्यायालय को बताया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है और लाखों विद्यार्थियों को संविधान तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो रही हैं।

याचिका में बताया गया कि प्रदेश में स्वीकृत 2.89 लाख शिक्षक पदों में से 1.15 लाख पद रिक्त हैं, जिससे लगभग 40 प्रतिशत पद खाली हैं। प्रदेश के 1,895 विद्यालय ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है। वर्ष 2025 की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की प्रतिवेदन के अनुसार 83,514 विद्यालयों में से लगभग पांच हजार भवन जर्जर हैं। 3,400 विद्यालयों में शौचालय नहीं हैं, करीब 10 हजार विद्यालय बिजली से वंचित हैं, 40 हजार विद्यालयों में चारदीवारी नहीं है तथा अनेक विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है। कई विद्यालय आज भी झोपड़ियों में संचालित हो रहे हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि प्रदेश के 59 हजार से अधिक विद्यालयों में संगणक सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा पिछले दस वर्षों में सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या 22 लाख से अधिक घट गई है। साथ ही छात्राओं के लिए पृथक शौचालय और निःशुल्क स्वच्छता नैपकिन उपलब्ध कराने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के पालन पर भी प्रश्न उठाए गए हैं। याचिका में शिक्षा क्षेत्र में धन के दुरुपयोग और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। अगली सुनवाई में केंद्र और राज्य सरकार अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी।





# कांग्रेस की आंतरिक कलह खुलकर सामने आई : मंत्री विश्वास सारंग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को 'स्लीपर सेल' कहना कांग्रेस की आंतरिक कलह और गुटबाजी का स्पष्ट प्रमाण है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी अब पार्टी कार्यालयों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सार्वजनिक रूप से दिखाई देने लगी है। श्री सारंग ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता ही अपनी पार्टी की वास्तविक स्थिति उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस के पास जनहित के मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं होता, तब वह झूठे आरोप और दुष्प्रचार का सहारा लेती है। वरिष्ठ नेताओं के बयानों से यह स्पष्ट है कि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर अविश्वास और वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन पार्टी अपने आंतरिक विवादों में उलझी हुई है। सारंग के अनुसार, कांग्रेस की गुटबाजी अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुकी है और प्रदेश की जनता ऐसे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तथा भ्रम फैलाने के प्रयासों को समझ चुकी है।



### जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण

कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग और मंत्री लखन पटेल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद किया। उन्होंने जनसमस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया। मंत्रीद्वय ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# मध्यप्रदेश पर्यटन की आठ इकाइयों को ट्रिप एडवाइजर ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम की आठ पर्यटन इकाइयों को वर्ष 2026 के लिए प्रतिष्ठित ट्रिप एडवाइजर ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

निगम के प्रबंध संचालक दिलीप यादव ने बताया कि एमपीटी पलाश रेजीडेंसी, भोपाल ने लगातार सातवें वर्ष यह सम्मान हासिल किया है, जो उत्कृष्ट आतिथ्य सेवाओं का प्रमाण है।

अवॉर्ड प्राप्त करने वाली अन्य इकाइयों में एमपीटी व्हाइट टाइगर फॉरेस्ट लॉज (बांधवगढ़), एमपीटी नीलांबर स्काईलाइन, एमपीटी अमलतास, एमपीटी ग्लेन व्यू, एमपीटी देवदारू बंगला और एमपीटी चंपक बंगला (पचमढ़ी) तथा एमपीटी बघीरा जंगल रिजॉर्ट (मोचा) शामिल हैं। इन इकाइयों को पर्यटकों की वास्तविक समीक्षाओं और रेटिंग के आधार पर यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। श्री यादव ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मध्यप्रदेश पर्यटन ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

ट्रिप एडवाइजर का ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड सेवा की गुणवत्ता, स्वच्छता, स्थान, उपलब्ध सुविधाओं और पर्यटकों के समग्र अनुभव के आधार पर दिया जाता है। पर्यटन निगम की इकाइयों में आधुनिक आवास, गुणवत्तापूर्ण खान-पान और विविध मनोरंजक गतिविधियों की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।





## डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस की शुभकामनाएँ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि मानवता की रक्षा के लिए निरंतर समर्पित चिकित्सकों का समर्पण, सेवा और संवेदनशीलता असंख्य परिवारों के लिए आशा, विश्वास और नवजीवन का आधार है। मुख्यमंत्री ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि सुदृढ़ अर्थव्यवस्था और पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था के निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की विशेषज्ञता, ईमानदारी और उत्तरदायित्व राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की सुदृढ़ नींव है। मुख्यमंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिक तक संवाद , सेवा और विश्वास का संदेश पहुंचाने वाले सभी डाक कर्मचारी भाई-बहनों को राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में कहा कि डाक कर्मचारियों की कर्मनिष्ठा, समयबद्ध सेवा और समर्पण ने डाक व्यवस्था को देशवासियों के विश्वास का सशक्त माध्यम बनाया है।

# खाटू श्याम मंदिर बनेगा आस्था और संस्कृति का नया केंद्र : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। बड़वानी जिले के तलून में निर्मित खाटू श्याम मंदिर इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत करेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति और आस्था से जोड़ने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल माध्यम से मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा श्री खाटू श्याम को हारे का सहारा माना जाता है। महाभारत में बर्बरीक स्वरूप बाबा खाटू श्याम ने धर्म की रक्षा और लोक कल्याण के लिए अपना शीश भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित किया था। उनका त्याग, वीरता, विनम्रता और समर्पण भारतीय संस्कृति के सर्वोच्च आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा के बाद महंत शशि गिरि के मन में मंदिर निर्माण का विचार आया, जिसे श्रद्धालुओं के सहयोग से साकार किया गया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तलून का खाटू श्याम मंदिर श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आस्था केंद्र बनेगा और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में सांसद गजेंद्र पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत पटेल, महंत महामंडलेश्वर हरि सुरेंद्र गिरी जी महाराज, खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष शशि गिरि जी महाराज सहित संत, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बाबा श्री खाटू श्याम से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और मध्यप्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की।



# चिकित्सा सेवा मानवता की सर्वोच्च सेवा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल/रीवाः** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रीवा में आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के स्नेहपूर्ण शब्द, मधुर मुस्कान और संवेदनशील व्यवहार से मरीज की आधी बीमारी दूर हो जाती है। समाज चिकित्सकों को धरती का भगवान मानता है, इसलिए प्रत्येक चिकित्सक को हर मरीज का उपचार करुणा, समर्पण और सेवा भावना के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान किया गया। साथ ही डॉ. बी.डी. त्रिपाठी एवं डॉ. नेहा त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक 'दिल की आवाज़ : बच्चों में बढ़ता दृष्टि दोष' का लोकार्पण भी किया गया। समारोह में ब्रह्माकुमारीज़ रीवा की क्षेत्रीय संचालिका बी.के. लता दीदी, बी.के. राजू भाई, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल तथा मुख्य अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा उपस्थित रहे।

## डिजिटल इंडिया ने बदली देश की तस्वीर, जीवन हुआ सरल : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया अभियान ने 11 वर्षों में देश के विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के व्यापक विस्तार से नागरिकों का जीवन अधिक सरल, सुगम और पारदर्शी हुआ है तथा 'विकसित भारत ञ्च2047' के लक्ष्य की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति ने शासन, सेवा वितरण और आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। उन्होंने बताया कि देश में कुल डिजिटल भुगतान का 81 प्रतिशत लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हो रहा है। वहीं 2.18 लाख ग्राम पंचायतें भारतनेट से जुड़ चुकी हैं। 45 हजार से अधिक जीपीयू के माध्यम से एआई मिशन को गति मिली है और 2.23 लाख से अधिक स्टार्टअप्स ने 23.36 लाख रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

## मुख्यमंत्री ने बस दुर्घटना पर जताया दुःख

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान के दौसा में ऋषिकेश से इंदौर आ रही एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से यात्रियों के निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद एवं हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर दुर्घटना में घायलों एवं सभी यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना को लेकर राजस्थान सरकार से सतत् संपर्क बनाए रखते हुए प्रभावित सभी यात्रियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# जीएसटी आर्थिक सुधारों का राष्ट्रीय आंदोलन बना : राज्यपाल पटेल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) केवल 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह 'एक राष्ट्र, एक संकल्प और एक साझा उत्तरदायित्व' का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद देश को दशकों पुरानी जटिल कर व्यवस्था और इंस्पेक्टर राज से मुक्ति मिली है। यह आर्थिक सुधार केंद्र और राज्यों के सहयोग से राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में सफल हुआ है।

रवीन्द्र भवन में केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, भोपाल द्वारा आयोजित नौवें जीएसटी दिवस समारोह में राज्यपाल ने उत्कृष्ट करदाताओं, संस्थानों तथा विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की थीम 'सुगम कर-सशक्त भारत ' रही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कर प्रशासन ऐसा हो, जिसमें ईमानदार करदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, जबकि कर चोरी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

अधिकारियों को करदाताओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि करदाता सीधे नीति-निर्माताओं तक नहीं पहुंचते, इसलिए विभागीय अधिकारी ही सरकार का चेहरा होते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। केंद्रीय जीएसटी, कस्टम एवं आबकारी भोपाल जोन के मुख्य आयुक्त मानस रंजन मोहंती ने राज्यपाल का स्वागत किया और विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रधान आयुक्त एन. पद्मश्री ने जीएसटी के नौ वर्षों की उपलब्धियां प्रस्तुत कीं।

**अभियान** *7 करोड़ परिवारों तक पहुंचा संदेश...*

# जन आंदोलन बना जल गंगा संवर्धन अभियान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान ने जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। 30 जून को संपन्न हुए इस अभियान ने सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल माध्यमों के जरिए प्रदेश, देश और विदेश के लगभग 7 करोड़ परिवारों तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचाया। अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, भू-जल संवर्धन और भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। अभियान के दौरान सरकार ने ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लगातार जागरूकता पोस्टर, लघु फिल्में और इन्फोग्राफिक्स साझा किए। जल गंगा संवर्धनअभियान, जल है कल है, जैसे हैशटैग के माध्यम से अभियान की डिजिटल पहुंच लगभग 6.95 करोड़ लोगों तक रही। मुख्यमंत्री की सतत मॉनिटरिंग और विशेष डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेशभर में 10,514 करोड़ रुपये की लागत से 3.63 लाख से अधिक जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं के निर्माण और जीर्णोद्धार के कार्य पूरे किए गए। इनमें 67,708 खेत-तालाब, 225 अमृत सरोवर और 97,614 कूप रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण शामिल है। साथ ही 10 हजार से अधिक कुओं, नदियों और प्राचीन बावड़ियों की सफाई, सौंदर्यीकरण तथा अतिक्रमण हटाने का कार्य भी किया गया। डॉ. यादव ने अभियान के दौरान विभिन्न जिलों का दौरा कर श्रमदान किया और नागरिकों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इंदौर से अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत करने के बाद उन्होंने धार, उज्जैन, भोपाल और राजगढ़ सहित कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने दोहराया कि 'जल है तो कल है' और जल संरक्षण की गतिविधियां भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी।



अभियान के समापन के साथ ही प्रदेश में 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधरोपण अभियान तथा 'विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन' का भी शुभारंभ किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान ने मध्यप्रदेश को जल संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित किया है। वहीं खंडवा ने जल संचयन के क्षेत्र में देश के प्रथम जिले का स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com